# UP Police Constable Question Paper 30 Aug 2024 1st Shift

1. 3 * 4 का अर्थ है 3, 4 की माँ है।
3 # 4 का अर्थ है 3, 4 का पिता है।
3 @ 4 का अर्थ है 3, 4 का भाई है।
3 & 4 का अर्थ है 3, 4 की बेटी है।
3 + 4 का अर्थ है 3, 4 का पुत्र है।
L @ M & N # O + P * Q # R के अनुसार, M, R से किस प्रकार संबंधित है ?
(A) भतीजी (B) बुआ (C) भतीजा (D) चाचा
3 * 4 means 3 is the mother of 4.
3 # 4 means 3 is the father of 4.
3 @ 4 means 3 is the brother of 4.
3 & 4 means 3 is the daughter of 4.
3 + 4 means 3 is the son of 4.
According to L @ M & N # O + P * Q # R, how is M related to R ?
(A) Niece (B) Aunt (C) Nephew (D) Uncle

2. रेमी ने अपनी घड़ी मेज़ पर इस प्रकार रखी कि शाम 6 बजे घंटे की सुई दक्षिण दिशा की ओर इशारा करती है। तो फिर मिनट की सुई किस दिशा की ओर इशारा करेगी ?
(A) दक्षिण (B) पूर्व (C) उत्तर (D) दक्षिण-पश्चिम
Ramy put his timepiece on the table in such a way that at 6 p.m. the hour hand points towards the South. Then towards which direction will the minute hand be pointing ?
(A) South (B) East (C) North (D) South-West

3. विषम युग्म ज्ञात कीजिए :
(A) तराज़ू : द्रव्यमान (B) बैरोमीटर : दाब
(C) तापमापी : तापमान (D) स्क्रू गेज : आयतन
Find the odd pair :
(A) Balance : Mass (B) Barometer : Pressure
(C) Thermometer : Temperature (D) Screw gauge : Volume

4. श्रृंखला 1, 2, 6, 24, ___ में अगली संख्या ज्ञात कीजिए।
Find the next number in the series 1, 2, 6, 24, ___.
(A) 60 (B) 120 (C) 48 (D) 84

5. शिव का जन्म 15 अप्रैल, 2022 को हुआ था। उसी वर्ष स्वतंत्रता दिवस सोमवार को मनाया गया। शिव का जन्म किस दिन हुआ था ?
(A) मंगलवार (B) रविवार (C) शुक्रवार (D) बुधवार
Siva was born on April 15, 2022. The same year Independence day was celebrated on Monday. On which day was Siva born ?
(A) Tuesday (B) Sunday (C) Friday (D) Wednesday

6. मेरे पिता की बहन के बेटे के पिता के ससुर का मुझसे क्या संबंध है ?
(A) दादी (B) चाचा (C) पिता (D) दादा
How is my father's sister's son's father's father-in-law related to me ?
(A) Grandmother (B) Uncle (C) Father (D) Grandfather

7. यदि शब्द CATASTROPHE के अक्षरों को वर्णमाला क्रम में पुन:व्यवस्थित किया जाता है, तो पुनर्व्यवस्था के बाद कौन-सा अक्षर मध्य क्रम में होगा ?
If the letters in the word CATASTROPHE are rearranged in the alphabetical order, which one will be in the middle in order after the rearrangement ?
(A) S (B) O (C) P (D) H

8. यदि FEMALE को 654135 के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, तो LEAF को ______ से कूटबद्ध किया जाएगा।

If FEMALE is coded as 654135, then LEAF will be coded as ______.

(A) 3526 (B) 3625 (C) 3516 (D) 6523

9. यदि P और Q का अनुपात 5 : 6 है और Q और R का अनुपात 14 : 15 है, तो P और R का अनुपात क्या होगा ?

If P and Q are in the ratio 5 : 6 and Q and R are in the ratio 14 : 15, then P and R will be in the ratio :

(A) 9 : 7 (B) 8 : 7 (C) 7 : 9 (D) 7 : 8


10. एक बस कोच्चि से कोयम्बटूर जा रही है। प्रत्येक 15 मिनट के 4 स्टॉप के साथ, बस की औसत गति 50 किमी/घंटा हो जाती है। लेकिन ड्राइवर के बिना रुके बस चलाने से औसत गति 60 किमी/घंटा होती है। कोच्चि से कोयम्बटूर कितनी दूरी पर है ?

(A) 300 किमी (B) 250 किमी (C) 290 किमी (D) 220 किमी

A bus is going to Coimbatore from Kochi. With 4 stops of 15 minutes each, the average speed of the bus comes out to be 50 km/hr. But if the driver takes the bus without any stops, the average speed comes out to be 60 km/hr. How far is Coimbatore from Kochi ?

(A) 300 km (B) 250 km (C) 290 km (D) 220 km

11.




उत्पादित कारों की कुल संख्या = 350000
Total No. of Cars Produced = 350000

उत्पादित कारों की कुल संख्या = 440000
Total No. of Cars Produced = 440000

ऊपर दिया गया दंड आरेख (बार चार्ट) एक कंपनी द्वारा दो वर्षों में निर्मित छह अलग-अलग प्रकार की कारों का प्रतिशत दर्शाता है। यदि 2001 में P प्रकार की कारों का उत्पादन प्रतिशत 2000 के समान होता, तो 2001 में उत्पादित P प्रकार की कारों की संख्या क्या होती ?

The Bar chart given above shows the percentage of six different types of cars manufactured by a company over two years. If the percentage production of P type cars in 2001 was the same as that in 2000, then what would be the number of P type cars produced in 2001 ?

(A) 132000 (B) 225000 (C) 120000 (D) 145000

Prepp
Your Personal Exams Guide

**12.** श्रृंखला 13, 32, 57, 88, ___ में अगली संख्या ज्ञात कीजिए।

Find the next number in the series 13, 32, 57, 88, ___.

(A) 125 (B) 136 (C) 110 (D) 132


**13.** असमान संख्या ज्ञात कीजिए।

Find the dissimilar number.

216, 343, 504, 512, 729

(A) 216 (B) 504 (C) 512 (D) 729


**14.** नीचे दिया गया बार ग्राफ वर्ष 2013 के लिए विभिन्न व्यय श्रेणियों में कंपनी के कुल व्यय का प्रतिशत वितरण प्रदर्शित करता है।




यदि विज्ञापन पर व्यय ₹ 2.55 करोड़ है, तो परिवहन और कर पर व्यय के बीच का अंतर क्या है ?

(A) ₹ 50.5 लाख (B) ₹ 42.5 लाख (C) ₹ 32.5 लाख (D) ₹ 35.5 लाख

The bar graph given below displays the percentage distribution of a company's total expenditure across various expense categories for the year 2013.




If the expenditure on advertisement is ₹ 2.55 crores, then the difference between the expenditure on transport and taxes is :

(A) ₹ 50.5 lakhs (B) ₹ 42.5 lakhs (C) ₹ 32.5 lakhs (D) ₹ 35.5 lakhs

Prepp
Your Personal Exams Guide

**15.** यदि पूर्व को पश्चिम से बदल दिया जाए, तो दक्षिण-पश्चिम को किसके द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा ?
(A) उत्तर-पश्चिम (B) पश्चिम (C) दक्षिण-पूर्व (D) उत्तर-पूर्व
If East is replaced by West, then South-West will be replaced by :
(A) North-West (B) West (C) South-East (D) North-East

**16.** श्रृंखला 211, 227, 233, 241, ____ में अगली संख्या ज्ञात कीजिए।
Find the next number in the series 211, 227, 233, 241 ____.
(A) 263 (B) 257 (C) 251 (D) 277


**17.** यदि SCREW को RCSWE के रूप में लिखा जाता है, तो NAILS को इस प्रकार लिखा जाएगा :
If SCREW is written as RCSWE, then NAILS will be written as :
(A) AILNS (B) IANSL (C) NAISL (D) INALS

**18.** एक आयताकार मैदान की लंबाई और चौड़ाई क्रमशः 8 : 7 के अनुपात में है। साइकिल पर सवार एक व्यक्ति, इस मैदान के परितः परिमाप के अनुदिश 28.8 किमी/घंटा की गति से 2.5 मिनट में एक चक्कर पूरा करता है। मैदान का क्षेत्रफल क्या है ?
(A) 89600 वर्ग मी. (B) 84600 वर्ग मी. (C) 79600 वर्ग मी. (D) 99600 वर्ग मी.
A rectangular field has its length and breadth in the ratio of 8 : 7 respectively. A man riding a bicycle, completes one lap of this field along its perimeter at the speed of 28.8 km/hr in 2.5 minutes. What is the area of the field ?
(A) 89600 sq. m (B) 84600 sq. m (C) 79600 sq. m (D) 99600 sq. m




**19.** दिए गए शब्द "INCIDENCE" में प्रत्येक अक्षर कितनी बार आया है, यह दर्शाने वाले सही विकल्प को पहचानिए।
Identify the correct alternative that indicates the number of times each letter appears in the given word "INCIDENCE".
(A) $I_2 N_1 C_1 D_1 E_1$ (B) $I_2 N_2 C_2 D_1 E_2$ (C) $I_2 N_2 C_1 D_1 E_1$ (D) $I_2 N_2 C_1 D_2 E_1$

**20.** यदि $x > y = x^3 + y^3$ तथा $x @ y = x^3 - y^3$, तो $3 > (2 @ 1) =$
If $x > y = x^3 + y^3$ and $x @ y = x^3 - y^3$, then $3 > (2 @ 1) =$
(A) 400 (B) 280 (C) 370 (D) 420

**21.** दी गई आकृतियों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उत्तर आकृतियों में से वह विकल्प चुनिए जो प्रश्न आकृतियों में देखे गए पैटर्न को बनाए रखता हो।
Study the given figures carefully and choose an option from the answer figures that maintains the pattern observed in the problem figures.



I II III IV V

(A)  (B)  (C)  (D) 

**22.** ध्वनि ने कहा, "यह लड़का मेरे पिता की पोती का पति है"। ध्वनि का उस लड़के से क्या संबंध है ?
(A) पोती (B) चचेरी बहन (C) भतीजी (D) सास
Dhwani said, "This boy is the husband of the granddaughter of my father". How is Dhwani related to the boy ?
(A) Granddaughter (B) Cousin (C) Niece (D) Mother-in-law

Prepp
Your Personal Exams Guide

23. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द दिए गए शब्द "REACHABLE" के प्रत्येक अक्षर का केवल एक बार प्रयोग करके ***नहीं*** बनाया जा सकता है ?

Which of the following words *cannot* be formed using each letter of the given word "REACHABLE" only once ?

(A) CHANGE (B) REACH (C) CLEAR (D) EACH

24. अगला पद क्या है ?

What is the next term ?

B : 16 :: E : ?

(A) 54 (B) 128 (C) 625 (D) 64

25. यदि '@' का अर्थ '÷' है, तो 15 @ 5 क्या है ?

If '@' stands for '÷', what is 15 @ 5 ?

(A) 10 (B) 3 (C) 20 (D) 75

26. दिए गए समीकरण को संतुलित करने के लिए स्थानधारक * को बदलने के लिए गणितीय चिह्नों का सही क्रम चुनिए।

Choose the correct sequence of mathematical signs to replace the placeholders * in order to balance the given equation.

(12*7*6) * 13 * 6

(A) ×, −, +, = (B) ×, −, ÷, = (C) +, −, ÷, = (D) ÷, +, −, =

27. 2401 : 343 के समान एक युग्म ज्ञात कीजिए।

Find a pair that is similar to 2401 : 343.

(A) 256 : 64 (B) 32 : 4 (C) 216 : 1916 (D) 9 : 27

28. नीचे दिए गए कथन और निष्कर्षों के संबंध में सही विकल्प पहचानिए :

*कथन :*

ग्रामीण विधानसभा चुनावों में मतदान के लिए मतपेटी पद्धति का उपयोग किया गया था। नतीजे आने के बाद यह बात सामने आई कि, गाँव की सिर्फ 15% महिलाओं ने ही चुनाव में वोट दिया।

*निष्कर्ष :*

I. महिलाओं को चुनाव की तारीख के बारे में पता नहीं था।

II. केवल वे 15% पंजीकृत थीं और उनके पास वैध मतदान पहचान-पत्र था।

(A) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है (B) न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है

(C) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है (D) या तो निष्कर्ष I या II अनुसरण करता है

Identify the correct option regarding the statement and conclusions given below :

*Statement :*

In the rural assembly elections, the ballot box method was used for voting. After the results came out, it came into light that only 15% of the women in the village voted in the elections.

*Conclusions :*

I. Women didn't know about the date of the elections.

II. Only those 15% were registered and had a valid voting ID card.

(A) Only conclusion II follows (B) Neither conclusion I nor II follows

(C) Only conclusion I follows (D) Either conclusion I or II follows

Prepp
Your Personal Exams Guide

**29.** निम्नलिखित शब्दों को अंग्रेज़ी शब्दकोश में उनके क्रम के अनुसार व्यवस्थित कीजिए और जो पहले आता है उसे चुनिए :
Arrange the following words as per their order in the English dictionary and choose the one that comes first :

Elastic; Eldorado; Ejaculate; Electrode

(A) Eldorado (B) Electrode (C) Elastic (D) Ejaculate

**30.** निम्नलिखित में से किस शब्द के अक्षर अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम में हैं ?
Which of the following words has its letters in the English alphabetical order ?

(A) Acepots (B) Acerty (C) Acerous (D) Acephal

**31.** निम्नलिखित तालिका का अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।
दिए गए राज्यों की कुल जनसंख्या = 3276000

| राज्य | लिंग | | साक्षर | निरक्षर | % जनसंख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| | पु. | म. | | | |
| A | 5 | 3 | 2 | 7 | 25% |
| B | 3 | 1 | 1 | 4 | 20% |
| C | 2 | 3 | 2 | 1 | 8% |
| D | 3 | 5 | 3 | 2 | 12% |
| E | 3 | 4 | 4 | 1 | 35% |

राज्यों A, B और D में पुरुषों की कुल संख्या सभी दिए गए राज्यों की कुल जनसंख्या के कितनी प्रतिशत होगी ?

Study the following table and answer the question given below.
Total population of the given States = 3276000.


| *State* | *Gender* | | *Literate* | *Illiterate* | *% Population* |
|---|---|---|---|---|---|
| | *M* | *F* | | | |
| A | 5 | 3 | 2 | 7 | 25% |
| B | 3 | 1 | 1 | 4 | 20% |
| C | 2 | 3 | 2 | 1 | 8% |
| D | 3 | 5 | 3 | 2 | 12% |
| E | 3 | 4 | 4 | 1 | 35% |

What will be the percentage of total number of males in States A, B and D together, to the total population of all the given states ?


(A) 31.15% (B) 35.1% (C) 30% (D) 30.2%

Prepp
Your Personal Exams Guide

**32.** कॉर्पोरेट क्षेत्र में, केन्द्रीय कोण में डिग्रियों की लगभग संख्या कितनी होनी चाहिए ?




In the corporate sector, what should be the approximate number of degrees in the central angle ?




(A) 121 (B) 123 (C) 120 (D) 122

**33.** एक एथलीट एक बार सूर्योदय के बाद और एक बार सूर्यास्त से पहले, सूर्य की ओर अपनी पीठ करके दौड़ना शुरू करता है। वह बाएँ, दाएँ और फिर बाएँ मुड़ता है। क्रमश: दोनों स्थितियों में वह अंततः किस दिशा में दौड़ रहा है ?

(A) उत्तर – पश्चिम (B) पश्चिम – पूर्व (C) दक्षिण – उत्तर (D) पूर्व – दक्षिण

An athlete starts to run positioning his back towards the Sun once after sunrise and once before sunset. He turns left, right and left again. In which direction is he finally running in both scenarios respectively ?

(A) North – West (B) West – East (C) South – North (D) East – South

**34.** अनुक्रम पूरा कीजिए :

Complete the sequence :

ZA8, Y7B, XC6, W5D, ___

(A) Y4B (B) VE4 (C) ZA4 (D) W4D

35. निम्नलिखित श्रृंखला में लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए :
Find the missing number in the following series :
110, 132, 156, ____, 210, 240
(A) 184 (B) 190 (C) 176 (D) 182

36. जेम्स पश्चिम दिशा में 40 मीटर चलता है, फिर बाएँ मुड़ता है और 30 मीटर और चलता है। वह अपने शुरुआती बिंदु से कितनी दूरी पर और किस दिशा में है ?
(A) 50 मीटर दक्षिण-पश्चिम (B) 47 मीटर दक्षिण
(C) 41 मीटर उत्तर (D) 45 मीटर पूर्व
James walks 40 metres in the West direction, turns left and walks another 30 metres. How far and in which direction is he from his starting point ?
(A) 50 metres South-West (B) 47 metres South
(C) 41 metres North (D) 45 metres East

37. यदि आप शुरुआत में उत्तर से 270 डिग्री दक्षिणावर्त घूमते हैं, तो अब आप किस दिशा में देख रहे हैं ?
(A) पश्चिम (B) दक्षिण (C) उत्तर (D) पूर्व
Which way are you facing now, if you spin 270 degrees clockwise from North at the beginning ?
(A) West (B) South (C) North (D) East

38. एक वस्तु का मुद्रित मूल्य उसके क्रय मूल्य से 40% अधिक है। तो छूट की दर कितनी होनी चाहिए ताकि 12% लाभ प्राप्त हो सके ?
The printed price of an article is 40% higher than its cost price. Then, what is the rate of discount so that the gain is 12% profit ?
(A) 15% (B) 18% (C) 20% (D) 21%

39. एक वस्तु को ₹ 1,700 में बेचने पर, एक दुकानदार को 15% की हानि होती है। 20% लाभ प्राप्त करने के लिए उसे उस वस्तु को कितने रुपए में बेचना होगा ?
On selling an article for ₹ 1,700, a shopkeeper loses 15%. To gain 20%, at what price must he sell that article ?
(A) ₹ 2,120 (B) ₹ 2,100 (C) ₹ 2,155 (D) ₹ 2,400

40. एक पुस्तक विक्रेता ने एक पुस्तक को 10% की हानि पर बेचा। यदि वह इसे ₹ 1,080 अधिक पर बेचता, तो उसे 10% का लाभ होता। पुस्तक की कीमत ज्ञात कीजिए।
A book vendor sold a book at a loss of 10%. Had he sold it for ₹ 1,080 more, he would have earned a profit of 10%. Find out the cost of the book.
(A) ₹ 5,400 (B) ₹ 7,400 (C) ₹ 4,420 (D) ₹ 6,480

41. एक परीक्षा में 8 छात्रों द्वारा प्राप्त अंकों का औसत 5.1 था और 9 अन्य छात्रों का 6.8 था। 17 छात्रों के औसत अंक क्या थे ?
The average of marks obtained in an examination by 8 students was 5.1 and by 9 other students was 6.8. The average marks of the 17 students were :
(A) 5.95 (B) 6.5 (C) 5.9 (D) 6.0

42. सात क्रमागत धनात्मक पूर्णांकों का औसत 126 है। इनमें से सबसे छोटा पूर्णांक क्या है ?
The average of seven consecutive positive integers is 126. The smallest of these integers is :
(A) 123 (B) 126 (C) 122 (D) 135

43. एक बर्तन में दूध और पानी का अनुपात 3 : 4 है। यदि हम 10 लीटर दूध और 10 लीटर पानी मिलाते हैं, तो अनुपात 4 : 5 हो जाता है। प्रारंभ में कुल मिश्रण की कितनी मात्रा मौजूद थी ?
(A) 70 लीटर (B) 80 लीटर (C) 50 लीटर (D) 20 लीटर
The ratio of milk and water in a pot is 3 : 4. If we add 10 litres milk and 10 litres water, then the ratio becomes 4 : 5. How much quantity of total mixture was present initially ?
(A) 70 litres (B) 80 litres (C) 50 litres (D) 20 litres

44. A और B स्टील के दो भारी खंड हैं। यदि B को A के शीर्ष पर रखा जाता है, तो वज़न 60% बढ़ जाता है। यदि B को A के शीर्ष से हटा दिया जाए, तो A और B के कुल वज़न की तुलना में कितना वज़न कम हो जाएगा ?

A and B are two heavy steel blocks. If B is placed on top of A, the weight increases by 60%. How much weight will reduce with respect to the total weight of A and B, if B is removed from the top of A ?

(A) 45.5% (B) 37.5% (C) 60% (D) 40%

45. साधारण ब्याज पर 20 वर्षों में एक धनराशि चार गुना हो जाती है। ब्याज दर ज्ञात कीजिए।

A sum of money becomes four times in 20 years at simple interest. Find the rate of interest.

(A) 20% (B) 8% (C) 15% (D) 5%

46. 10% की छूट देने के बाद 8% का लाभ प्राप्त करने के लिए, क्रय मूल्य से अंकित मूल्य की कितने प्रतिशत वृद्धि होनी चाहिए ?

To gain 8% after allowing a discount of 10%, by what percent must the marked price be hiked from the cost price ?

(A) 11% (B) 20% (C) 19% (D) 18%

47. A और B की आयु का अनुपात 3 : 2 है। दस वर्ष बाद, उनकी आयु का योगफल 80 होगा। उनकी वर्तमान आयु (वर्षों में) क्रमशः कितनी है ?

The ratio of the ages of A and B is 3 : 2. Ten years hence, the sum of their ages will be 80. What are their respective present ages (in years) ?

(A) 36, 24 (B) 45, 30 (C) 27, 18 (D) 42, 28

48. एक डॉक्टर ₹ 3,825 उधार लेता है और वह दो समान वार्षिक किश्तों में पैसे वापस कर देता है। यदि चक्रवृद्धि ब्याज (वार्षिक संयोजित) की वार्षिक दर 4% है, तो प्रत्येक किश्त का मूल्य ज्ञात कीजिए।

A doctor borrowed ₹ 3,825 and he returned the money in two equal yearly instalments. If the annual rate of compound interest (compounded annually) is 4%, then find the value of each instalment.

(A) ₹ 2,377 (B) ₹ 1,783 (C) ₹ 2,028 (D) ₹ 2,275

49. दो संख्याओं का योगफल 36 है और उनका म.स.प. (HCF) 4 है। इन संख्याओं के कितने युग्म संभव हैं ?

The sum of the two numbers is 36 and their HCF is 4. How many pairs of these numbers are possible ?

(A) 2 (B) 4 (C) 1 (D) 3

50. एक रेलगाड़ी 23.6 किमी/घंटे की चाल से एक प्लेटफॉर्म को 30 सेकंड में पार करती है। उसके बाद, यह गाड़ी, 12.4 किमी/घंटे की चाल से विपरीत दिशा में चलने वाले एक व्यक्ति को 11 सेकंड में पार करती है। रेलगाड़ी की लम्बाई ज्ञात कीजिए।

(A) 110 मी. (B) 120 मी. (C) 150 मी. (D) 105 मी.

A train running at 23.6 km/hr takes 30 seconds to pass a platform. Next, it takes 11 seconds to pass a man walking at 12.4 km/hr in the opposite direction. Find the length of the train.

(A) 110 m (B) 120 m (C) 150 m (D) 105 m

51. वह छोटी-से-छोटी संख्या ज्ञात कीजिए जो 24, 48 और 60 से पूर्णतः विभाज्य होगी।

Find the smallest number which will be completely divisible by 24, 48 and 60.

(A) 240 (B) 0 (C) 120 (D) 480

52. सेना का एक अधिकारी अपने सैनिकों को 12, 15, 16 और 18 की पंक्तियों में खड़े होने की व्यवस्था करना चाहता है। यदि वह चाहता है कि वे एक ठोस वर्ग में भी व्यवस्था करे, तो न्यूनतम सैनिकों की संख्या ज्ञात कीजिए।

An officer of the army wants to arrange his soldiers to stand in rows of 12, 15, 16 and 18. If he wants to arrange them in a solid square also, then find the minimum number of soldiers.

(A) 3600 (B) 1440 (C) 180 (D) 900

Prepp
Your Personal Exams Guide

53. एक ट्रेन 6 किमी/घंटे और 5 किमी/घंटे की गति से ट्रेन की समान दिशा में चल रहे 2 पुरुषों को पार करने में क्रमश: 11 सेकंड और 10 सेकंड का समय लेती है। ट्रेन की गति ज्ञात कीजिए।
(A) 20 किमी/घंटा (B) 17 किमी/घंटा (C) 16 किमी/घंटा (D) 18 किमी/घंटा
A train takes 11 seconds and 10 seconds to cross 2 men who are walking in the same direction of the train at the speed of 6 km/hr and 5 km/hr respectively. Find the speed of the train.
(A) 20 km/hr (B) 17 km/hr (C) 16 km/hr (D) 18 km/hr

54. कुछ मजदूर एक कार्य को 150 दिनों मं पूरा कर सकते हैं। लेकिन, 15 मजदूरों की अनुपस्थिति के कारण इसे 165 दिनों में पूरा किया गया। तो मजदूरों की प्रारंभिक संख्या थी :
(A) 165 मजदूर (B) 150 मजदूर (C) 100 मजदूर (D) 155 मजदूर
Some workers could complete a work in 150 days. However, due to the absence of 15 workers it was completed in 165 days. Then the initial number of workers was :
(A) 165 workers (B) 150 workers (C) 100 workers (D) 155 workers

55. A, B को 10% वार्षिक की दर से साधारण ब्याज पर ₹ 30,000 उधार देता है। 5 वर्षों के बाद B बकाया राशि का निपटान करने के लिए ₹ 40,000 और एक घड़ी लौटाता है। घड़ी का मूल्य ज्ञात कीजिए।
A lends ₹ 30,000 to B at the rate of 10% per annum on simple interest. After 5 years, B returned ₹ 40,000 and a watch to settle the dues. Find the price of the watch.
(A) ₹ 4,800 (B) ₹ 3,200 (C) ₹ 5,000 (D) ₹ 3,000

56. A और B एक कार्य को 10 दिनों में पूरा कर सकते हैं। B और C इसे 15 दिनों में कर सकते हैं। A और C इसे 12 दिनों में कर सकते हैं। A, B और C मिलकर इसे कितने दिनों में पूरा कर सकते हैं ?
(A) 15 दिन (B) 17 दिन (C) 10 दिन (D) 8 दिन
A and B can complete a piece of work in 10 days. B and C can do it in 15 days. A and C can do it in 12 days. A, B and C together can complete it in how many days ?
(A) 15 days (B) 17 days (C) 10 days (D) 8 days

57. निम्नलिखित में से शब्दों के कौन-से जोड़े अर्थ में सबसे अधिक समान हैं ?
(A) कठिन – सरल (B) कोमल – सौम्य
(C) उज्ज्वल – अँधेरा (D) खरीदना – बेचना
Which of the following pairs of words are most similar in meaning ?
(A) Hard – Easy (B) Soft – Gentle
(C) Bright – Dark (D) Buy – Sell

58. छह मित्र एक वृत्त में केंद्र की ओर मुँह करके बैठे हैं। एडम, बेट्टी के ठीक बायीं ओर बैठा है। चार्ली, फ्रैंक के ठीक दायीं ओर बैठा है। बेट्टी, एडम और डैन के बीच बैठी है। ईव, डैन और फ्रैंक के बीच में बैठी है। फ्रैंक के ठीक बायीं ओर कौन बैठा है ?
(A) बेट्टी (B) ईव (C) एडम (D) चार्ली
Six friends are sitting in a circle facing the centre. Adam is sitting to the immediate left of Betty. Charlie is sitting to the immediate right of Frank. Betty is sitting between Adam and Dan. Eve is sitting between Dan and Frank. Who is sitting to the immediate left of Frank ?
(A) Betty (B) Eve (C) Adam (D) Charlie

59. एक घड़ी समय को 7:15 के रूप में दिखाती है। घंटे और मिनट की सुई के बीच का कोण क्या है ?
(A) 127.5 डिग्री (B) 142.5 डिग्री
(C) 130 डिग्री (D) 122.5 डिग्री
A clock shows the time as 7:15. What is the angle between the hour and the minute hand ?
(A) 127.5 degrees (B) 142.5 degrees
(C) 130 degrees (D) 122.5 degrees

Prepp
Your Personal Exams Guide

60. सादृश्य पूरा कीजिए :

चिकित्सक : निदान :: न्यायाधीश : ________

(A) निर्णय (B) हिदायत (अनुदेश) (C) निर्माण (D) अमल

Complete the analogy :

Doctor : Diagnose :: Judge : ______

(A) Judgement (B) Instruct (C) Build (D) Execute

61. सादृश्य पूरा कीजिए :

बीजगणित : गणित :: सिम्फनी : __________

(A) पेंटिंग (B) साहित्य

(C) मूर्तिकला (D) संगीत

Complete the analogy :

Algebra : Mathematics :: Symphony : __________

(A) Painting (B) Literature

(C) Sculpture (D) Music

62. यदि आपके पास एक नियमित द्वादशफलक (डोडेकेहेड्रॉन) है और आप इसे विपरीत फलकों (फेसेस) के केंद्रों से गुजरने वाले समतल (प्लेन) के साथ आधे में काटते हैं, तो अनुप्रस्थ-काट (क्रॉस-सेक्शन) का आकार क्या है ?

(A) षड्भुज (हेक्सागॉन) (B) आयत (रेक्टेंगल)

(C) दशभुज (डेकागॉन) (D) पंचभुज (पेंटागॉन)


If you have a regular dodecahedron and you slice it in half along a plane that passes through the centres of opposite faces, what is the shape of the cross-section ?

(A) Hexagon (B) Rectangle

(C) Decagon (D) Pentagon

63. विषम ज्ञात कीजिए।

Find the odd one.



(A)  (B)  (C)  (D) 

Prepp
Your Personal Exams Guide

**64.** सरथ का परिचय देते हुए, अनिला ने कहा, "वह मेरे चाचा के पिता की बेटी का बेटा है"। सरथ, अनिला से किस प्रकार संबंधित है ?

(A) भतीजा (B) दामाद (C) कज़िन (D) मामा

Introducing Sarath, Anila said, "He is the son of the daughter of the father of my uncle". How is Sarath related to Anila ?

(A) Nephew (B) Son-in-law (C) Cousin (D) Uncle

**65.** सबसे छोटा धनात्मक पूर्णांक कौन-सा है जो 12 और 16 दोनों से विभाज्य है ?

What is the smallest positive integer that is divisible by both 12 and 16 ?

(A) 60 (B) 16 (C) 48 (D) 96

**66.** अगली आकृति ज्ञात कीजिए।


Find the next figure.


?





(A)  (B)  (C)  (D) 

**67.** I, II, III और IV अंकित समस्या आकृतियों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उनके बीच संबंध स्थापित कीजिए। (A), (B), (C) और (D) से चिह्नित उत्तर आकृतियों में से वह आकृति चुनिए जो श्रृंखला को सबसे उपयुक्त रूप से पूरा करती है।

Study the problem figures marked I, II, III and IV carefully to establish the relationship between them. From the answer figures marked (A), (B), (C) and (D), pick out the figure which most appropriately completes the series.




I II III IV

(A)  (B)  (C)  (D) 

**68.** उस आकृति को पहचानिए जो पैटर्न को पूरा करती है।

Identify the figure that completes the pattern.







(X)

(A)  (B)  (C)  (D) 


Prepp
Your Personal Exams Guide

69. दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए जो अंतिम वर्ग में रखने के लिए सबसे उपयुक्त होगी।
From the given options, select the figure which will be most suitable to be placed in the last square.



(A) 
(B) 
(C) 
(D) 

70. चित्र में आप कितने वर्ग गिन सकते हैं ?
How many squares can you count in the figure ?



(A) 20 (B) 14 (C) 22 (D) 18


71. सादृश्य पूरा कीजिए :
भारत : एशिया :: इटली : ?
(A) अफ्रीका (B) एशिया (C) यूरोप (D) अंटार्कटिका




Complete the analogy :
India : Asia :: Italy : ?
(A) Africa (B) Asia (C) Europe (D) Antarctica

72. श्रृंखला में अगली संख्या क्या होगी ?
श्रृंखला : 9, 27, 81, 243, ____

What is the next number in the series ?
Series : 9, 27, 81, 243, ____
(A) 623 (B) 591 (C) 486 (D) 729

73. अगली आकृति ज्ञात कीजिए।
Find the next figure.



(A) 
(B) 
(C) 
(D) 

74. एक छात्र ने जितने सही उत्तर प्राप्त किए, उससे दोगुनी गलतियाँ कीं। यदि उसने कुल 48 प्रश्नों का प्रयास किया, तो उसने कितने प्रश्न के सही उत्तर प्राप्त किए ?

A student made twice as many mistakes as he got correct answers. If he attempted 48 questions in total, how many questions did he get right ?

(A) 16
(B) 20
(C) 12
(D) 18

75. क्रम में आगे क्या आता है : B, E, H, K, __?

What comes next in the sequence : B, E, H, K, __?

(A) R
(B) M
(C) N
(D) L

76. 'बैलगाड़ी' में समास है :

(A) द्विगु
(B) तत्पुरुष
(C) द्वन्द्व
(D) अव्ययीभाव

77. 1992 व्यास पुरस्कार के विजेता कौन थे ?

(A) डॉ. शिव प्रसाद सिंह
(B) कुँवर नारायण
(C) रामविलास शर्मा
(D) सब्बे यादव

78. 'परि' उपसर्ग में कौन-सा शब्द जोड़ें, जिससे उसका अर्थ छोड़ना हो जाए ?

(A) हार
(B) ताप
(C) तोश
(D) जन

79. 'कौटिल्य' का विलोम शब्द है :

(A) आर्जव
(B) आर्तव
(C) मार्दव
(D) मृदुलता

80. 'प्रतिकूल' शब्द में कौन-सा उपसर्ग प्रयुक्त है ?

(A) परा
(B) प्रति
(C) प्र
(D) परी

81. 'तिलक' किस प्रकार का शब्द है ?

(A) तद्भव
(B) संकर
(C) तत्सम
(D) देशज

82. 'स्वच्छ' शब्द का पर्यायवाची शब्द बताइए।

(A) नीरज
(B) निर्मल
(C) पंकिल
(D) नीरद

83. बरवै छंद है :

(A) अर्द्ध-सममात्रिक
(B) अर्द्ध-विषममात्रिक
(C) सममात्रिक
(D) विषममात्रिक

84. कौन-सा शब्द क्रिया-विशेषण है ?

(A) पहला
(B) मीठा
(C) तेज
(D) बुद्धिमान

85. 'मुख-दर्शन' में कौन-सा समास है ?

(A) तत्पुरुष
(B) बहुव्रीहि
(C) द्विगु
(D) द्वन्द्व

86. 'आठ कनौजिया नौ चूल्हे' लोकोक्ति का अर्थ क्या होता है ?

(A) फाँका करना
(B) सम्पन्नता की स्थिति
(C) मस्त रहना
(D) अलगाव की स्थिति

87. 'ऋ' ध्वनि किस स्वर के अंतर्गत आती है ?

(A) संयुक्त वर्ण
(B) ओष्ठ्य वर्ण
(C) घोष वर्ण
(D) ह्रस्व स्वर

Prepp
Your Personal Exams Guide

88. निम्नलिखित प्रश्न में चार विकल्पों में से क्रिया का सही रूप वाला विकल्प पहचानिए।
शायद कल मीरा दिल्ली ________ । (जाना – संभाव्य भविष्यत् काल)
(A) जाएगी (B) जा चुकी (C) जाती है (D) जाए

89. 'गाड़ी – गाढ़ी' शब्द-युग्म के लिए सही अर्थ युग्म चुनिए :
(A) गहरी – यान (B) निकाली – गिरी (C) यान – गहरी (D) गिरी – निकाली

90. 'भ्रमर' शब्द के पर्यायवाची शब्द का चयन कीजिए :
(A) सहचर (B) मधुकर (C) पंचशर (D) निशाकर

91. 'त्यागपत्र' (उपन्यास) किसकी रचना है ?
(A) जैनेन्द्र कुमार (B) रेणु (C) प्रेमचन्द (D) अज्ञेय

*प्र. सं. 92 से 96 गद्यांश प्रश्न :*

वैज्ञानिक प्रयोग की सफलता ने मनुष्य की बुद्धि का अपूर्व विकास कर दिया है। द्वितीय महायुद्ध में एटम बम की शक्ति ने कुछ क्षणों में ही जापान की अजेय शक्ति को पराजित कर दिया। इस शक्ति की युद्धकालीन सफलता ने अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, आदि सभी देशों को ऐसे शस्त्रास्त्रों के निर्माण की प्रेरणा दी कि सभी भयंकर और सर्वविनाशकारी शस्त्र बनाने लगे। अब सेना को पराजित करने तथा शत्रु-देश पर पैदल सेना द्वारा आक्रमण करने के लिए शस्त्र-निर्माण के स्थान पर देश के विनाश करने की दिशा में शस्त्रास्त्र बनने लगे हैं। इन हथियारों का प्रयोग होने पर शत्रु-देशों की अधिकांश जनता और संपत्ति थोड़े समय में ही नष्ट की जा सकेगी। चूँकि ऐसे शस्त्रास्त्र प्रायः सभी स्वतन्त्र देशों के संग्रहालयों में कुछ न कुछ आ गए हैं, अतः युद्ध की स्थिति में उनका प्रयोग भी अनिवार्य हो जाएगा। अतः दुनिया का सर्वनाश या अधिकांश नाश तो अवश्य ही हो जाएगा। इसीलिए निःशस्त्रीकरण की योजनाएँ बन रही हैं। शस्त्रास्त्रों के निर्माण में जो दिशा अपनाई गई, उसी के अनुसार आज इतने उन्नत शस्त्रास्त्र बन गए हैं, जिनके प्रयोग से व्यापक विनाश आसन्न दिखाई पड़ता है। अब भी परीक्षणों की रोकथाम तथा बने शस्त्रों के प्रयोग को रोकने के मार्ग खोजे जा रहे हैं। इन प्रयासों के मूल में एक भयंकर आतंक और विश्व-विनाश का भय कार्य कर रहा है।

92. एटम बम की अपार शक्ति का प्रथम अनुभव कैसे हुआ ?
(A) जापान की अजेय शक्ति की पराजय से
(B) अमेरिका की विजय से
(C) जापान में हुई भयंकर विनाशलीला से
(D) अमेरिका, रूस, ब्रिटेन और फ्रांस की प्रतिस्पर्धा से

93. बड़े-बड़े देश आधुनिक विनाशकारी शस्त्रास्त्र क्यों बना रहे हैं ?
(A) अपने संसाधनों का प्रयोग करने के उद्देश्य से
(B) पारस्परिक भय के कारण
(C) अपनी-अपनी सेनाओं में कमी करने के उद्देश्य से
(D) अपना-अपना सामरिक व्यापार बढ़ाने के उद्देश्य से

94. आधुनिक युद्ध भयंकर व विनाशकारी होते हैं क्योंकि :
(A) अधिकांश जनता और उसकी सम्पत्ति नष्ट हो जाती है।
(B) दोनों देशों की सेनाएँ इन युद्धों में मारी जाती हैं।
(C) दोनों देशों के शस्त्रास्त्र इन युद्धों में समाप्त हो जाते हैं।
(D) दोनों देशों में महामारी और भुखमरी फैल जाती है।

95. इस गद्यांश का मूल कथ्य क्या है ?
(A) विश्व में शस्त्रास्त्रों की होड़
(B) निःशस्त्रीकरण और विश्व शान्ति
(C) आतंक और सर्वनाश का भय
(D) द्वितीय विश्व युद्ध की विभीषिका

96. भयंकर विनाशकारी आधुनिक शस्त्रास्त्रों को बनाने की प्रेरणा किसने दी ?
(A) अमेरिका की विजय ने
(B) बड़े देशों की पारस्परिक प्रतिस्पर्धा ने
(C) अमेरिका ने
(D) जापान के विनाश ने

97. जब क्रिया का प्रयोग कर्ता के लिंग, वचन और कारक के अनुसार होता है, तब कौन-सा वाच्य होता है ?
(A) कर्तृवाच्य (B) मिश्रवाच्य (C) कर्मवाच्य (D) भाववाच्य

98. निम्नलिखित में से कौन-सा अव्यय का भेद *नहीं* है ?

(A) विस्मयादिबोधक (B) क्रिया-विशेषण (C) सम्बन्धबोधक (D) परिमाणबोधक

99. क्रम की दृष्टि से कौन-सा वाक्य *अशुद्ध* है ?

(A) राहुल क्या लिख रहा है ?
(B) राहुल क्या जा रहा है ?
(C) राहुल क्या सोच रहा है ?
(D) राहुल क्या कर रहा है ?

100. कौन-सा शब्द 'पत्र' शब्द का अनेकार्थी *नहीं* है ?

(A) चिट्ठी (B) पुष्प (C) पत्ता (D) कागज़

101. निम्नलिखित में से कौन-सा अर्थालंकार है ?

(A) अनुप्रास (B) श्लेष (C) यमक (D) रूपक

102. निम्नलिखित में से कौन-सा घोष वर्ण है ?

(A) च (B) ठ (C) ख (D) म

103. 'छत से ईंट गिरी' में कौन-सा कारक है ?

(A) सम्बन्ध (B) सम्प्रदान (C) अपादान (D) अधिकरण

104. मुख्य क्रिया के अर्थ को स्पष्ट करने वाली क्रिया होती है :

(A) प्रेरणार्थक क्रिया (B) नामधातु क्रिया (C) सहायक क्रिया (D) नामबोधक क्रिया

105. 'एक मुलाकात' कहानी की कथाकार कौन हैं ?

(A) कृष्णा सोबती (B) उषा राज (C) अलका सरावगी (D) दीप्ति खण्डेलवाल

106. अपवाद को छोड़कर वर्णमाला के अक्षरों के नाम किस लिंग में होते हैं ?

(A) स्त्रीलिंग (B) उभयलिंग (C) पुल्लिंग (D) नपुंसकलिंग

107. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द का चयन कीजिए :

जिसे टाला न जा सके

(A) ऐच्छिक (B) अनिवारित (C) अनिवृत्त (D) अनिवार्य

108. निम्नलिखित वाक्य के लिए सही मुहावरा बताइए।

"मीठी-मीठी बातों से लज्जित करना ।"

(A) मखमली जूते मारना
(B) पानी-पानी होना
(C) झेंप जाना
(D) दुर्गति करना

109. 'मिथ्या आडंबर' के अर्थ में किस लोकोक्ति का प्रयोग होता है ?

(A) छोटा मुँह बड़ी बात
(B) छछुंदर के सिर में चमेली का तेल
(C) छटांक चून चौबारे रसोई
(D) छीके कोई नाक कटावे कोई

110. 'अनाज' का पर्यायवाची शब्द है :

(A) शस्य (B) रूपा (C) चाह (D) सलिल

111. 'कहावत' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है :

(A) वत (B) आवत (C) हावत (D) कह

112. 'अद्भुत रस' का स्थायी भाव है :

(A) उत्साह (B) भय (C) क्रोध (D) विस्मय

Prepp
Your Personal Exams Guide

113. ग्रीन फाइनेंस किस तरह से सतत विकास का समर्थन करता है ?
(A) उच्च कार्बन उत्सर्जन के लिए जाने जानेवाले उद्योगों के विकास को सुविधाजनक बनाकर
(B) पर्यावरणीय प्रभाव की परवाह किए बिना प्राकृतिक संसाधनों के दोहन को प्रोत्साहित करके
(C) जीवाश्म ईंधन परियोजनाओं को वित्तपोषित करके
(D) पर्यावरण के अनुकूल परियोजनाओं के लिए वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराकर
In what ways does Green Finance support sustainable development ?
(A) By facilitating the growth of industries known for high carbon emissions
(B) By encouraging the exploitation of natural resources without regard for environmental impact
(C) By funding fossil fuel projects
(D) By providing financial resources for environmentally friendly projects

114. व्हाइट गुड्स पर लगाई जाने वाली उच्चतम जीएसटी दर क्या है ?
What is the highest GST rate levied on white goods ?
(A) 28% (B) 25% (C) 12% (D) 18%

115. भारत का सबसे बड़ा वन ________ है।
(A) कान्हा राष्ट्रीय उद्यान (B) गिर राष्ट्रीय उद्यान
(C) सुंदरवन (D) जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान
India's largest forest is ______.
(A) Kanha National Park (B) Gir National Park
(C) Sundarbans (D) Jim Corbett National Park

116. 'लट्ठमार होली' उत्तर प्रदेश के नीचे उल्लिखित किस शहर में मनाया जाने वाला एक अनोखा उत्सव है ?
(A) वृंदावन (B) बरसाना (C) मथुरा (D) आगरा
'Lathmar Holi' is a unique celebration observed in which town of Uttar Pradesh, mentioned below ?
(A) Vrindavan (B) Barsana (C) Mathura (D) Agra

117. उत्तर प्रदेश का पहला ट्रैफिक पार्क किस जिले में खोला गया ?
(A) प्रयागराज (B) अमेठी (C) गोरखपुर (D) अयोध्या
In which district was Uttar Pradesh's first Traffic Park opened ?
(A) Prayagraj (B) Amethi (C) Gorakhpur (D) Ayodhya

118. PMJDY कब लॉन्च हुई ?
(A) 30 अगस्त, 2014 (B) 28 अगस्त, 2014 (C) 15 अगस्त, 2015 (D) 2 अक्टूबर, 2015
When was PMJDY launched ?
(A) 30th August, 2014 (B) 28th August, 2014 (C) 15th August, 2015 (D) 2nd October, 2015

119. निम्नलिखित में से कौन-सा देश भारत के साथ भूमि सीमा सांझा ***नहीं*** करता है ?
(A) बांग्लादेश (B) म्याँमार (C) मालदीव (D) चीन
Which of the following country does ***not*** share a land boundary with India ?
(A) Bangladesh (B) Myanmar (C) Maldives (D) China

120. किस युद्ध से भारत में ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन की शुरुआत हुई ?
(A) पानीपत का युद्ध (B) वांडिवाश का युद्ध (C) बक्सर का युद्ध (D) प्लासी का युद्ध
Which battle marked the beginning of the British colonial rule in India ?
(A) Battle of Panipat (B) Battle of Wandiwash (C) Battle of Buxar (D) Battle of Plassey

121. शहरीकरण का एक महत्त्वपूर्ण पर्यावरणीय प्रभाव क्या है ?
(A) उच्च कार्बन उत्सर्जन (B) बढ़ी हुई हरियाली
(C) वायु प्रदूषण में कमी (D) पानी की गुणवत्ता में सुधार
What is a significant environmental impact of urbanization ?
(A) Higher carbon emissions (B) Increased green spaces
(C) Decreased air pollution (D) Improved water quality

Prepp
Your Personal Exams Guide

122. रैनसमवेयर शब्द का अर्थ है :
(A) किसी नेटवर्क तक अनधिकृत पहुँच
(B) उपयोगकर्ता की गतिविधि पर नज़र रखने वाला मैलवेयर
(C) एक प्रकार का फ़िशिंग हमला
(D) ऐसा सॉफ्टवेयर जो फाइलों को एन्क्रिप्ट करता है और फिरौती की माँग करता है
The term Ransomware means :
(A) Unauthorized access to a network
(B) A malware that monitors user activity
(C) A type of phishing attack
(D) A software that encrypts files and demands a ransom

123. 'सद्गति' पुस्तक, जिस पर एक फिल्म बनी थी, किसके द्वारा लिखी गई थी ?
(A) हरिवंश राय बच्चन (B) जयशंकर प्रसाद
(C) प्रेमचंद (D) महादेवी वर्मा
Who wrote the book 'Sadgati', on which a film was made ?
(A) Harivansh Rai Bachchan (B) Jaishankar Prasad
(C) Premchand (D) Mahadevi Verma

124. निम्नलिखित में से किस पूर्व भारतीय प्रधान मंत्री को भारत रत्न ***नहीं*** मिला था ?
(A) पी.वी. नरसिम्हा राव (B) मनमोहन सिंह
(C) चरण सिंह (D) लाल बहादुर शास्त्री
Which of the following former Indian Prime Minister did ***not*** receive the Bharat Ratna ?
(A) P.V. Narasimha Rao (B) Manmohan Singh
(C) Charan Singh (D) Lal Bahadur Shastri

125. भारत में प्रथम जनगणना किस शासक के समय आयोजित की गई थी ?
(A) लॉर्ड लिटन (B) सर जॉन नेपियर (C) लॉर्ड मेयो (D) लॉर्ड ऑकलैंड
First census in India was conducted at the time of which ruler ?
(A) Lord Lytton (B) Sir John Napier (C) Lord Mayo (D) Lord Auckland

126. ________ का अर्थ है किसी अन्य व्यक्ति की वेबसाइट पर बलपूर्वक नियंत्रण स्थापित करना।
(A) स्पैम (B) हैकिंग (C) वेब हाईजैकिंग (D) फ़िशिंग
________ means taking forceful control of another person's website.
(A) Spam (B) Hacking (C) Web hijacking (D) Phishing

127. भारत और बांग्लादेश के बीच किस नदी के कारण विवाद उत्पन्न हुआ है ?
(A) तीस्ता (B) यमुना (C) ब्रह्मपुत्र (D) गंगा
Due to which river has an issue been created between India and Bangladesh ?
(A) Teesta (B) Yamuna (C) Brahmaputra (D) Ganges

128. प्रथम विश्व युद्ध कब शुरू हुआ था ?
When did World War I begin ?
(A) 1920 (B) 1930 (C) 1919 (D) 1914

129. हड़प्पा सभ्यता को अन्य किस नाम से जाना जाता है ?
(A) द्रविड़ सभ्यता (B) वैदिक सभ्यता
(C) आर्य सभ्यता (D) सिंधु घाटी सभ्यता
The Harappan Civilization is also known by which other name ?
(A) Dravidian Civilization (B) Vedic Civilization
(C) Aryan Civilization (D) Indus Valley Civilization

Prepp
Your Personal Exams Guide

130. भारत में जीएसटी के जनक कौन कहलाते हैं ?
(A) अटल बिहारी वाजपेयी (B) एच.डी. देवेगौड़ा
(C) नरेंद्र मोदी (D) मनमोहन सिंह
Who is known as the father of GST in India ?
(A) Atal Bihari Vajpayee (B) H.D. Deve Gowda
(C) Narendra Modi (D) Manmohan Singh

131. किस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने इंस्टाग्राम,स्टोरीज़ और स्नैपचैट स्नैप्स के समान "फ्लीट्स" की अवधारणा पेश की ?
(A) लिंक्डइन (B) टिकटॉक (C) X (ट्विटर) (D) नौकरी
Which social media platform introduced the concept of "Fleets", similar to Instagram Stories and Snapchat Snaps ?
(A) LinkedIn (B) TikTok (C) X (Twitter) (D) Naukri

132. कौन-सा शब्द विशिष्ट नियमों के अनुसार टिप्पणियों (अवलोकनों) को संख्याएँ निर्दिष्ट करने की प्रक्रिया का वर्णन करता है ?
(A) परिकल्पना परीक्षण (B) विश्लेषण (C) प्रतिचयन (नमूना लेना) (D) माप
Which term describes the process of assigning numbers to observations according to specific rules ?
(A) Hypothesis Testing (B) Analysis (C) Sampling (D) Measurement

133. भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद वाक्-स्वातंत्र्य (अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता) से संबंधित है ?
(A) अनुच्छेद 19 (B) अनुच्छेद 22 (C) अनुच्छेद 14 (D) अनुच्छेद 21
Which Article of the Indian Constitution deals with the freedom of speech ?
(A) Article 19 (B) Article 22 (C) Article 14 (D) Article 21

134. भारत के किस शहर में दुनिया के 90% छोटे हीरे संसाधित होते हैं ?
(A) मुंबई (B) जयपुर (C) बड़ौदा (D) सूरत
In which city of India are 90% of the world's small diamonds processed ?
(A) Mumbai (B) Jaipur (C) Baroda (D) Surat

135. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में कुल वन आवरण _______ है।
The total forest cover in India as per the 2011 census is _______.
(A) 23.42% (B) 22.07% (C) 17.80% (D) 21.05%

136. कौन-सा प्राचीन भारतीय ग्रन्थ संगीत, नृत्य और नाटक पर विस्तृत लेख के लिए जाना जाता है, और जिसे शास्त्रीय भारतीय कलाओं के लिए एक आधारभूत कृति माना जाता है ?
(A) मनुस्मृति (B) वेद (C) अर्थशास्त्र (D) नाट्यशास्त्र
Which ancient Indian text is known for its detailed treatise on music, dance and drama, and is considered a foundational work for classical Indian arts ?
(A) Manusmriti (B) Vedas (C) Arthashastra (D) Natyashastra

137. अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण एवं विकास बैंक (IBRD) क्या है ?
(A) यह एक संयुक्त राष्ट्र एजेंसी है जो गरीबी उन्मूलन और सामाजिक विकास पर ध्यान केंद्रित करती है
(B) यह एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जो वैश्विक बैंकिंग प्रणाली का विनियमन और पर्यवेक्षण करता है
(C) यह एक अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थान है जो सदस्य देशों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है
(D) यह एक वैश्विक वित्तीय संस्था है जो छोटे व्यवसायों को माइक्रोफाइनेंस ऋण प्रदान करती है
What is the International Bank for Reconstruction and Development (IBRD) ?
(A) It is a United Nations agency that focuses on poverty alleviation and social development
(B) It is an international organization that regulates and supervises the global banking system
(C) It is an international financial institution which provides financial assistance to member countries
(D) It is a global financial institution that provides microfinance loans to small businesses

138. हरित क्रांति, जिसने कई विकासशील देशों में कृषि उत्पादन में उल्लेखनीय ढंग से वृद्धि की, में मुख्य रूप से शामिल थीं/थे :

(A) उन्नत सिंचाई तकनीकें
(B) जैविक खेती के तरीके
(C) आनुवंशिक रूप से रूपांतरित फसलें
(D) उच्च उपज किस्म के बीज और रासायनिक उर्वरक

The Green Revolution, which significantly increased agricultural production in many developing countries, primarily involved :

(A) Advanced irrigation techniques
(B) Organic farming practices
(C) Genetically modified crops
(D) High-yield variety seeds and chemical fertilizers

139. समस्या के बारे में अधिक-से-अधिक स्पष्ट विचार प्राप्त करने के लिए क्षेत्र अध्ययन के समय नियमों को लागू करने वाला अनुसंधान है :

(A) व्यावहारिक अनुसंधान
(B) अनुसंधान विश्लेषण
(C) क्रियानिष्ठ अनुसंधान
(D) प्रायोगिक अनुसंधान

The research that applies the laws at the time of field study to draw more and more clear ideas about the problem is :

(A) Applied research
(B) Research analytics
(C) Action research
(D) Experimental research

140. केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय कहाँ स्थित है ?

(A) पश्चिम बंगाल (B) उत्तर प्रदेश (C) मणिपुर (D) आंध्र प्रदेश

Where is the Central Agricultural University situated ?

(A) West Bengal (B) Uttar Pradesh (C) Manipur (D) Andhra Pradesh

141. आर्कटिक परिषद जलवायु परिवर्तन और आर्कटिक शासन को संबोधित करने में कैसे मदद करती है ?

(A) आर्कटिक में आर्थिक विकास और संसाधन निष्कर्षण को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करके
(B) एक ऐसे शासी निकाय के रूप में विनियमन करके जो सभी आर्कटिक देशों के लिए कानूनों और विनियमों को निर्देशित करता है
(C) पर्यावरण विनियमों का पालन नहीं करने वाले सदस्य देशों पर प्रतिबंध लगाकर
(D) आर्कटिक मुद्दों पर अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों का समन्वय करके

How does the Arctic Council help in addressing climate change and Arctic governance ?

(A) By focusing on promoting economic development and resource extraction in the Arctic
(B) By regulating as a governing body that dictates laws and regulations for all Arctic nations
(C) By levying sanctions on member states who are not complying with environmental regulations
(D) By coordinating international efforts on Arctic issues

142. भारत के प्रथम राष्ट्रपति कौन थे ?

(A) डॉ. ज़ाकिर हुसैन
(B) शंकर दयाल शर्मा
(C) डॉ. राजेंद्र प्रसाद
(D) प्रतिभा पाटिल

Who was the first President of India ?

(A) Dr. Zakir Hussain
(B) Shankar Dayal Sharma
(C) Dr. Rajendra Prasad
(D) Pratibha Patil

Prepp
Your Personal Exams Guide

143. मानवाधिकार में दोनों शामिल हैं :
(A) अधिकार और दायित्व
(B) स्वतंत्रताएँ और दायित्व
(C) स्वतंत्रताएँ और विशेषाधिकार
(D) अधिकार और विशेषाधिकार
Human rights entail both :
(A) Rights and obligations
(B) Liberties and obligations
(C) Liberties and privileges
(D) Rights and privileges

144. SpaceX– पहले निजी तौर पर वित्तपोषित अंतरिक्ष कार्यक्रम, की सह-स्थापना किसने की ?
(A) जेफ बेज़ोस
(B) एलॉन मस्क
(C) यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी
(D) बिल गेट्स
Who co-founded SpaceX – the first privately funded space programme ?
(A) Jeff Bezos
(B) Elon Musk
(C) European Space Agency
(D) Bill Gates

145. UNCTAD का पूर्ण रूप क्या है ?
(A) यूनिवर्सल नेशंस कॉन्फ्रेंस ऑन ट्रेड एंड डेवलपमेंट
(B) यूनाइटेड नेशंस कॉमन ट्रेड एंड डेवलपमेंट
(C) यूनाइटेड नेशंस कॉन्फ्रेंस ऑन ट्रेड एंड डेवलपमेंट
(D) यूनीक नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन ट्रेड एंड डेवलपमेंट
What is the full form of UNCTAD ?
(A) Universal Nations Conference on Trade and Development
(B) United Nations Common Trade and Development
(C) United Nations Conference on Trade and Development
(D) Unique National Conference on Trade and Development

146. किसने सुझाव दिया कि "हर किसी का एक विशिष्ट रक्त समूह होता है" ?
(A) लुई पाश्चर (B) लैंडस्टीनर (C) मेंडेल (D) डार्विन
Who suggested that "Everyone has a specific blood group" ?
(A) Louis Pasteur (B) Landsteiner (C) Mendel (D) Darwin

147. सोफिया किस देश की राजधानी है ?
(A) बांग्लादेश (B) बुल्गारिया (C) अफगानिस्तान (D) बेनिन
Sofia is the capital of which country ?
(A) Bangladesh (B) Bulgaria (C) Afghanistan (D) Benin

148. भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद राष्ट्रपति के क्षमादान देने की शक्ति से संबंधित है ?
(A) अनुच्छेद 73 (B) अनुच्छेद 75 (C) अनुच्छेद 72 (D) अनुच्छेद 74
Which Article of the Indian Constitution deals with the power of the President to grant pardons ?
(A) Article 73 (B) Article 75 (C) Article 72 (D) Article 74

149. सहकारी समिति का प्राथमिक उद्देश्य है :
(A) सदस्यों की सेवा करना (B) अधिक धन जुटाना (C) अधिक लाभ कमाना (D) उत्पादन बढ़ाना
The primary aim of a co-operative society is to :
(A) Serve the members (B) Raise more money (C) Earn more profits (D) Raise production

150. साइबर सुरक्षा के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी संस्था ज़िम्मेदार है ?
Which of the following institution is responsible for cyber security ?
(A) CERT-In (B) DRDO (C) RAW (D) NIA